भारत सरकार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय वाणिज्य विभाग	लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2825

दिनांक 10 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

जीईएम पर एमएसएमई की भागीदारी

2825. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2016 से गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पर प्राप्त ऑर्डर और सकल व्यापार मूल्य में हुई वृद्धि का, 30 नवंबर, 2025 तक सेवाओं (7.94 लाख करोड़ रुपए) और उत्पादों (8.47 लाख करोड़ रुपए) की हिस्सेदारी सहित, वर्षवार ब्यौरा- क्या है;

(ख) वर्तमान में जीईएम पर लेन-देन करने वाले सक्रिय खरीदार संगठनों और प्रोफाइल-पूर्ण विक्रेताओं की कुल संख्या कितनी है, और ऑर्डर देने से लेकर भुगतान जारी होने तक लगने वाले औसत समय का ब्यौरा क्या है;

(ग) 10,894 उत्पाद और 348 सेवा श्रेणियों में की गई खरीद का श्रेणी - वार ब्यौरा क्या है और मूल्य के आधार पर पहचान किए गए शीर्ष क्षेत्र क्या है;

(घ) कुल ऑर्डर मूल्य में 44.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों को बार-बार मिलने वाले ऑर्डर और भौगोलिक विस्तार के संदर्भ में किस सीमा तक लाभ हुआ है; और

(ङ) प्लेटफॉर्म पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने, गुटबंदी को रोकने और खरीद संबंधी लेनदेन के डेटा-संचालित ऑडिट को सक्षम करने के लिए स्थापित तंत्रों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क): वर्ष-वार ऑर्डर की मात्रा, सकल पण्यवस्तु मूल्य (उत्पाद और सेवाओं के जीएमवी के विवरण सहित) और पिछले वर्षों की तुलना में वृद्धि का ब्यौरा निम्नवत है:

वित्तीय वर्ष	ऑर्डर की संख्या		जीएमवी		उत्पाद जीएमवी		सेवा संबंधी जीएमवी	
	मात्रा	% वृद्धि	मूल्य (करोड़ रुपये में)	% वृद्धि	मूल्य (करोड़ रुपये में)	% वृद्धि	मूल्य (करोड़ रुपये में)	तुल्नात्मक वृद्धि %
2016-17	6,284		422		420		2	
2017-18	3,72,537	5,828	5,876	1,292	5,833	1,289	43	2,050
2018-19	13,31,435	257	17,441	197	16,639	185	802	1,765
2019-20	21,74,178	63	22,886	31	19,817	19	3,069	283
2020-21	25,70,542	18	38,557	68	30,039	52	8,518	178
2021-22	33,15,533	29	1,06,605	176	81,954	173	24,651	189
2022-23	50,33,609	52	2,01,345	89	1,35,224	65	66,121	168
2023-24	62,84,944	25	4,03,547	100	1,95,927	45	2,07,620	214
2024-25	72,37,380	15	5,43,039	35	2,13,139	9	3,29,900	59
2025-26 (30 नवंबर 2025 तक)	44,63,045		3,01,366		1,47,868		1,53,498	
कुल	**3,27,89,487**		**16,41,084**		**8,46,860**		**7,94,224**	

(ख): वर्तमान में जीईएम पर लेन-देन करने वाले सक्रिय क्रेता संगठनों और प्रोफाइल-पूर्ण विक्रेताओं की कुल संख्या, और ऑर्डर देने से लेकर भुगतान होने तक लगने वाले औसत समय का ब्यौरा निम्नवत है:-

विवरण	दिनांक 5 मार्च, 2026 तक की स्थितिनुसार विवरण
क्रेता संगठनों की संख्या (प्राथमिक क्रेता)	1,35,887
पूर्ण प्रोफाइल वाले विक्रेताओं की संख्या	24,58,337
वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में ऑर्डर देने से लेकर भुगतान होने तक का औसत समय	114.27 दिन

(ग): उत्पाद और सेवा श्रेणियों की सूची जिनमें लेनदेन हुए हैं, उनकी सूची कृपया https://gem.gov.in/business-opportunities पर देखें।

(घ): दिनांक 5 मार्च, 2026 की स्थितिनुसार भारत के सभी 28 राज्यों और 8 संघ राज्य क्षेत्रों में कुल 1,96,911 सूक्ष्म और लघु उद्यमों को पुनरावर्ती ऑर्डर (एक से अधिक ऑर्डर) प्राप्त हुए हैं।

(ङ): जीईएम ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने, गुटबंदी को रोकने और खरीद लेनदेन के डेटा-आधारित लेखापरीक्षा को सक्षम बनाने के लिए पर्याप्त तंत्र स्थापित किए हैं। जीईएम में वेंडर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है, निविदा पूछताछ से लेकर अनुबंध तक की ऑनलाइन प्रकाशन सुविधा उपलब्ध है। यह बिड रीप्रेजेनटेशन और चैलेंज रिजेक्शन विंडो प्रदान करता है। किसी भी संभावित मिलीभगत की जांच के लिए भाग लेने वाले बोलीदाताओं के आईपी पते क्रेता को प्रदर्शित किए जाते हैं। जीईएम ने ऑर्डर विभाजन, असामान्य खरीद और संभावित मिलीभगत जैसी अनियमितताओं का पता लगाने के लिए उन्नत विश्लेषणात्मक उपकरण भी तैनात किए हैं। सभी लेनदेन का लेखापरीक्षा ट्रेल जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध है।

*****